कार्यालय प्राचार्य,शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा
जिला-कोरबा(छ0ग0)
मो. नं. – 94255–47200, ई–मेलः gevpg1981@gmail.com www.gevpgkrb.ac.in

पत्र क्रमांक/646 /स्था./2022/कोरबा, दिनांक 17/06/2022

## // प्रेस विज्ञप्ति//

### महाविद्यालयों में प्रवेश आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सत्र 2022–23 के लिए महाविद्यालयों में स्नातक भाग–1 में नियमित अध्ययन हेतु आनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश आवेदन मंगाये जा रहे हैं। छात्र–छात्राये www.bilaspuruniversity.ac.in वेबसाइट में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 16.06.2022 से प्रारम्भ हैं, जिसकी अंतिम तिथि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएससी) की कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम जारी होने की तिथि से सात दिवस तक रहेगी।

शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में बीए भाग–1 में 220, बीएससी बायो में 200, बीएससी गणित में 140, बीकॉम में 220, बीसीए में 60 व डीसीए में 40 सीट निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के वेबसाइट www.gevpgkrb.ac.in का अवलोकन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात दो दिवस के अंदर विश्वविद्यालय के द्वारा महाविद्यालयों को आनलाईन माध्यम से आवेदित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करायी जायेगी। सूची उपलब्ध होने के दो दिवस के अंदर महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों को दृष्टिगत रखते हुये प्रवेश की गुणानुक्रम सूची जारी की जायेगी। आरक्षण या अधिभार का लाभ लेकर प्रवेश चाहने वाले आवेदकों को संबंधित का मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य करना होगा। जाति प्रमाण पत्र से संबंधित आरक्षण का लाभ केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही मिलेगा। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। चयन सूचियों को महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय के वेबसाइट www.gevpgkrb.ac.in में देखे जा सकेगें।

(डॉ. आर. के. सक्सेना)
प्राचार्य
शासकीय इं.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय

प्राचार्य,
शासकीय इं. वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ. ग.)

कार्यालय प्राचार्य,शासकीय ई.वि. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय कोरबा
जिला–कोरबा(छ0ग0)
मो. नं. – 94255–47200, ई–मेल: gevpg1981@gmail.com, www.gevpgkrb.ac.in

क्रमांक / / रथा / 2022 / कोरबा, दिनांक 2022

## महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर छ.ग. से संबद्ध पाठ्यक्रम

स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं –

| क्र. | कक्षा | उपलब्ध स्थान (कक्षावार) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.कॉम प्रथम वर्ष<br>बी.कॉम द्वितीय वर्ष<br>बी.कॉम तृतीय वर्ष | 220<br>220<br>220 | सभी अनिवार्य विषय |
| 2 | बी.ए. प्रथम वर्ष<br>बी.ए. द्वितीय वर्ष<br>बी.ए. तृतीय वर्ष | 220<br>220<br>220 | अनिवार्य विषय– आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा)<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष के लिए)<br>वैकल्पिक समूह I – समाजशास्त्र<br>वैकल्पिक समूह II – राजनीति / गृहविज्ञान<br>वैकल्पिक समूह III – हिन्दी साहित्य / संस्कृत<br>वैकल्पिक समूह IV – अर्थशास्त्र<br>वैकल्पिक समूह V – मनोविज्ञान / भूगोल<br>वैकल्पिक समूह VI – इतिहास (स्ववित्तीय) / अंग्रेजी साहित्य<br>टीप – आवेदक को वैकल्पिक समूह में से किन्ही तीन समूहों में से एक विषय का चयन करना होगा। |
| 3 | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (बायो)<br>बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (बायो)<br>बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (बायो) | 200<br>200<br>200 | अनिवार्य विषय– आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा)<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष के लिए)<br>वैकल्पिक समूह I – रसायन / वनस्पति / प्राणीशास्त्र<br>वैकल्पिक समूह II – रसायन / वनस्पति / माइक्रोबायो (60 सीट)<br>वैकल्पिक समूह III – रसायन / प्राणी / बायोटेकनॉलाजी (20 सीट)<br>वैकल्पिक समूह IV – रसायन / प्राणीशास्त्र / भूगर्भशास्त्र<br>टीप – आवेदक को वैकल्पिक समूह में से किन्ही तीन समूहों में से एक विषय का चयन करना होगा। |
| 4 | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (गणित)<br>बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (गणित)<br>बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (गणित) | 140<br>140<br>140 | अनिवार्य विषय– आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा)<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष के लिए)<br>वैकल्पिक समूह I – भौतिक / गणित / रसायन<br>वैकल्पिक समूह II – भौतिक / गणित / भूगर्भ<br>वैकल्पिक समूह III – भौतिक / गणित / कम्प्यूटर विज्ञान (60सीट)<br>टीप – आवेदक को वैकल्पिक समूह में से किन्ही तीन समूहों में से एक विषय का चयन करना होगा। |
| 5 | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष<br>बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष | 60<br>60 | सभी अनिवार्य विषय |
| 6 | डीसीए (स्ववित्तीय) | 40 | सभी अनिवार्य विषय |

(डॉ आर.के. सक्सेना)
प्राचार्य
शासकीय ई.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)

PRINCIPAL,
GOVT. P. G. COLLEGE,
KORBA (C. G.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा
## जिला-कोरबा(छ0ग0)

मो. नं. – 94255–47200, ई–मेलः gevpg1981@gmail.com, www.gevpgkrb.ac.in


पत्र क्रमांक / / स्था. / 2022 / कोरबा, दिनांक 2022

**/ /सत्र 2022–23 स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश नवीनीकरण सूचना/ /**

(महाविद्यालय के नियमित प्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु)

इस महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा 2021–22 का विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के दस दिवस के अंदर सत्र 2022–23 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को द्वितीय वर्ष एवं स्नातक द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को तृतीय वर्ष में प्रवेश नवीनीकरण करना अनिवार्य है अतः छात्र–छात्रायें प्रवेश नवीनीकरण हेतु निम्न दस्तावेज तैयार रखे। महाविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रवेश नवीनीकरण हेतु कक्षावार छात्र–छात्राओं को अलग से सूचना प्रसारित किया जायेगा।

1. आफलाईन प्रवेश फार्म महाविद्यालय से प्राप्त करे
2. स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की अंक सूची
3. दो फोटो
4. पासबुक की प्रथम पृष्ट
5. जाति प्रमाण पत्र

टीपः– प्रवेश शुल्क केवल आनलाईन मोड में जमा किया जावेगा अतः वे मोबाइल जिसमें आनलाईन बैकिंग या यूपीआई एक्टीव हो उसे साथ लेकर आवे।

(डॉ. आर.के. सक्सेना)

प्राचार्य

शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय

कोरबा छ.ग

PRINCIPAL,
GOVT. P.G. COLLEGE,
KORBA (C. G.)